एमएमएमयूटी और ईडीआईआई के बीच अकादमिक सहयोग पर बनी सहमति

Inextlive | Updated Date: Sat, 27 Nov 2021

==

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी, गोरखपुर और इंटरप्रिन्योर्शिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया अहमदाबाद में अकादमिक सहयोग के लिए आपस में सहमति बनी है. यह सहमति कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में आयोजित एक प्रोग्राम के दौरान की शुक्रवार को की गई.

गोरखपुर (ब्यूरो।) एमएमएमयूटी की ओर से वीसी प्रो। जेपी पांडेय और ईडीआईआई, अहमदाबाद की तरफ से महानिदेशक प्रो। सुनील शुक्ला ने इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

तीन वर्ष के लिए किया गया है करार

बता दे, यह समझौता तीन वर्ष के लिए किया गया है। इसके अन्तर्गत, ईडीआईआई, अहमदाबाद नवाचार/नवोन्मेष से सम्बंधित यूजी और पीजी सिलेबस डिजाईन करने एवं अध्यापन में एमएमएमयूटी की मदद करेगा। इसके अलावा ईडीआईआई, अहमदाबाद एमएमएमयूटी के स्टूडेंट्स को स्टार्ट-उप शुरू करने और चलाने में उनकी मदद करेगा। इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान नवाचार/नवोन्मेष से सम्बंधित सिलेबस पढ़ाने के लिए एक दूसरे के शिक्षकों को विजिटिंग फैकल्टी के रूप में आमंत्रित कर सकेंगे। साथ ही, ईडीआईआई, अहमदाबाद एमएमएमयूटी के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाईन एवं संचालित करने को भी राजी हुआ है। इस समझौते के बाद, दोनों संस्थानों के शिक्षक एक दुसरे के साथ संयुक्त रूप से शोध पत्रों आदि का प्रकाशन कर सकेंगे। इसके अलावा एमएमएमयूटी अपने एमबीए सिलेबस में नवाचार/नवोन्मेष से सम्बंधित एक मेजर डिग्री और बीटेक में एक माइनर डिग्री कोर्स शुरू करेगा। समझौते का मुख्य उद्देश्य पूर्वांचल विशेषकर गोरखपुर एवं आसपास के क्षेत्र में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसके बाद दोनों संस्थान संयुक्त रूप से विभिन्न अकादमिक प्रोग्राम्स आदि का संचालन कर सकेंगे।

https://www.inextlive.com/uttar-pradesh/gorakhpur/mmmut-and-edii-agree-on-academic-cooperation-1637957031